## एक नजर में

### उधमसिंह जनमंच मंदसौर द्वारा माल्यार्पण किया



**मंदसौर।** अमर शहीद उधमसिंह जनमंच द्वारा अमरशहीद उधमसिंह की 126 वी जयंती मनाई गई। इस दौरान शहीद उधमसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी उनकी विरता और बलीदान को याद किया गया। जनमंच पदाधिकारियों ने बताया कि अमर शहीद उधमसिंह ने जलियावाला बाग हत्याकांड के दोषी जनरल डॉयर को सात समंदर पार जाकर भरी सभा में गोली मार दी थी। हजारों बेगुनाहों को न्याय दिलाया। शहीद उधमसिंह जनमंच अध्यक्ष ईश्वर चंदेल, संरक्षक राधेश्याम मारू वरिष्ठ नेता मनोज यादव, डॉ. आंबेडकर बाल कल्याण संस्था डबको के महेश दुबे,,, उधमसिंह जनमंच सचिव नरेंद्रकुमार राणावत आदि उपस्थित थे।

### नेत्रदान के प्रेरक विशाल गांधी ने जाते-जाते निभाया अपना संकल्प, दो दृष्टिहीनों को मिलेगी नई रोशनी

**गांधी परिवार का अनुकरणीय निर्णय, लायंस क्लब ने की सराहना**



**मंदसौर।** दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ श्रावक विनोद गांधी (एसबीआई) के सुपुत्र एवं डॉ. पी.सी. गांधी व राजेश गांधी के भतीजे नेत्रदान के प्रेरक विशाल गांधी के असामयिक निधन (अरिहंत शरण) पर उनके परिजनों ने मानवता की मिसाल पेश की है। शोक की इस घड़ी में भी परिवार ने समाज सेवा का जज्बा दिखाते हुए लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से दिवंगत विशाल गांधी का नेत्रदान संपन्न कराया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने नेत्र उत्सर्जित किए। इन नेत्रों के माध्यम से अब दो दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी आ सकेगी। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन सी.ए. विकास भंडारी, जयंत चौधरी एवं अंकित कीमती ने गांधी परिवार के इस साहसिक और प्रेरक निर्णय के लिए उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया। व इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। लायंस क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि अंगदान और नेत्रदान ही सबसे बड़ा दान है। विशाल गांधी के परिजनों द्वारा लिया गया यह निर्णय समाज के अन्य लोगों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनेगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भण्डारी ने बताया कि मित्र विशाल गांधी नेत्रदान अभियान के एक ऊर्जावान प्रेरक थे। वे अक्सर इस सेवा कार्य की प्रशंसा करते और लोगों को जोड़ते थे। आज उनके दु:खद निधन पर नियति का क्रूर प्रहार तो हुआ है, लेकिन उनके द्वारा किया गया नेत्रदान दो परिवारों के जीवन को रोशन कर गया। उनका यह अंतिम दान समाज के लिए एक महान प्रेरणा है।

### सर्राफा बाजार में मंगलम ज्वेलर्स में घुसा टेंपो, बड़ा हादसा टला

**नीमच।** शहर में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात जहां एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गुमटियों में जा घुसी थी, वहीं आज एक और बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तिलक मार्ग स्थित सराफा बाजार में मंगलम ज्वेलर्स की दुकान में अचानक एक टेंपो अनियंत्रित होकर जा घुसा। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस स्थान पर टेंपो घुसा, वहां महज दो मिनट पहले ही कुछ लोग खड़े थे। यदि समय का थोड़ा सा भी अंतर न होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय रहवासियों और व्यापारियों का कहना है कि तिलक मार्ग पर टेंपो चालकों की लापरवाही लगातार बढ़ती जा रही है। तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और खड़ी गाड़ियों को टक्कर मारने जैसी घटनाएं आए दिन हो रही हैं, जिससे लोग दहशत में हैं। घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पर दी गई, लेकिन पुलिस को मौके पर पहुंचने में लगभग 25 मिनट का समय लग गया, जिसे लेकर भी स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। तिलक मार्ग के रहवासियों एवं व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में टेंपो चालकों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए या उनके लिए सख्त नियम बनाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।




### लायन डेन में हस्तकला हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अनोखा संगम



**नीमच।** नगर के लायंस डेन गोमाबाई नेत्रालय के सामने चल रही हस्तकला प्रदर्शनी में देश-प्रदेश के शिल्पकारों ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए है जिसमें हाथ की बनी हुई कड़ाईदार कश्मीरी कुर्तियां, बैग, एवं सिल्क की प्राचीन काल डिजाइनर साड़ी कॉटन मै बेडशीट, जयपुरी कंफर्ट, कश्मीरी टॉप, कश्मीरी साड़ी, पश्मीना साड़ी, सूट, ईरान, अफगानिस्तान, कश्मीर के ड्रायफ्रूट, कागजी अखरोट,बादाम, केसर, शिलाजीत, कहवा आदि।

खादी ग्राम उद्योग के हर्बल नेचुरल प्रोडक्ट जैसे शैंपू, ऑयल, साबुन, च्यवनप्राश, राइस फेस वाश, शुगर के लिए मधुहर पाउडर साथ ही खादी हर्बल प्रोडक्ट पर एक के साथ एक फ्री के ऑफर भी चल रहा है, बनारस से आए कारीगर द्वारा प्योर सिल्क पर हाथ से बनाई गई जरी का नक्काशीदार काम कर लाई गई है जिसकी कीमत 55000/= रुपए है जो की आकर्षण बनी हुई है कॉटन एवं सिल्क मैं नक्काशीदार साडिया, सूट एवम् दुपट्टे, बटीक प्रिंट मै प्लाजो सेट, कोट सेट गाऊन, जयपुर की प्रिंटेड कुर्तियां आदि 30 दिसंबर तक चलने वाली हस्तकला प्रदर्शनी में सभी प्रकार के घरेलू व जरूरी सामाग्री के स्टॉल है प्रदर्शनी को नीमच ही नही आस पास से भी कलाप्रेमियों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। प्रदर्शनी में बिक्री के लिए मेरठ की प्रसिद्ध खादी के शर्ट, कुर्ता, पजामा, टाटा एक्सपोर्ट के लेदर के पर्स एवं बेल्ट, हैदराबाद का रियल पर्ल्स ऑक्सीडाइज ज्वेलरी एवं बैंगल्स बच्चों के लिए खिलौने आयुर्वेदिक दवाइयां बिक्री के लिए उपलब्ध है।

# बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका, विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**नाहरगढ़। बांग्लादेश सरकार, आंतरिक प्रधानमंत्री का पुतला दहन विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता ने किया।**



जिले के नाहरगढ़ प्रखंड बस स्टैंड, सहित प्रखंड गांव, पालिया मारु, सुठी, शक्करखेड़ी, जग्गाखेड़ी, संजीत, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने बांग्लादेश में हिंदू समाज पर कथित अत्याचारों और हिंदू युवक दीपू दास को जिंदा जलाए जाने की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। यह रोष प्रदर्शन शुक्रवार शाम पांच बजे नाहरगढ़ बस स्टैंड शुरू हुआ, जहां बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय सर्व समाज के नागरिक एकत्र हुए। इस दौरान हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो और बांग्लादेश सरकार मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए। संगठन के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं हुए, तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन इसमें कार्यकर्ताओं का आक्रोश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। संचालन राजेंद्र सोनी, आशीष गुर्जर ने किया। पुतला दहन उपस्थित महेंद्र सेठिया, सत्यनारायण राठौर, महेश माली, अरुण भटनागर, मुकेश धनोतिया, शंभु गिरी गोस्वामी, हरिओम मंडलोई।

वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। उनके धार्मिक स्थलों, घरों और जीवन पर हमले हो रहे हैं, जो मानवाधिकारों का उल्लंघन है। वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि वह इस मामले को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर वहां के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इस प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, के जिला धर्मप्रसार प्रमुख दुर्गा प्रसाद सांवलिया, प्रखंड धर्मप्रसार प्रमुख सुभाष शर्मा बजरंग दल प्रखंड संयोजक सुनील डांगी, प्रखंड, खंड अध्यक्ष राजेंद्र राजू सोनी उपस्थित रहें, इस दौरान नाहरगढ़ युवा सहित, बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी का आभार राजू सोनी ने माना व जानकारी दी।



### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में भानपुरा में जोरदार प्रदर्शन, पुतला दहन

**भानपुरा।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हो रही कथित लूटपाट, बर्बरता एवं जघन्य हत्याओं के विरोध में युवा सनातन धर्म मंडल एवं सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में शनिवार को नवीन बस स्टैंड, भानपुरा पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश एवं कट्टरपंथी मोहम्मद यूनुस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके पुतले का दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान मोहम्मद यूनुस के पुतले को लगभग 50 फीट ऊंचाई पर हाइड्रा क्रेन की सहायता से फांसी पर लटकाकर प्रतीकात्मक रूप से नीचे उतारा गया, जिसके बाद उपस्थित भीड़ के बीच पुतला दहन किया गया। यह दृश्य प्रदर्शन का केंद्र बिंदु रहा।

इस अवसर पर श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़, तंबोली समाज अध्यक्ष शिवाजी बंबोरिया, सनातनी युवा जयेश राठौर एवं शुभम बंबोरिया ने संबोधित किया। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री एवं केंद्र सरकार से मांग की कि बांग्लादेश के विरुद्ध कठोर निर्णय लेते हुए वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचार, लूटपाट एवं हत्याओं को तत्काल रोका जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

प्रदर्शन में श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं सकल हिंदू समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नगर के समाजसेवी श्रेयांश अशोक गोखरु द्वारा हाइड्रा क्रेन की व्यवस्था की गई। अंत में युवा सनातन धर्म मंडल भानपुरा के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम बंबोरिया ने आभार व्यक्त किया।



### रूपपुरा में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण एवं झंडा सम्मेलन का आयोजन

**गरोठ।** श्री मनकामनेश्वर बालाजी धाम की पावन नगरी ग्राम रूपपुरा में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण एवं झंडा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 27 दिसंबर 2025 को प्रात: 10 बजे जल एवं कलश यात्रा से होगा। इसके पश्चात प्रात: 11 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रारंभ होगा, जो प्रतिदिन सायं 4 बजे तक चलेगा।

श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का वाचन पंडित धनश्याम जोशी द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है, जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजन एवं धर्मप्रेमी सज्जनों को सादर आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम का समापन 3 जनवरी 2026, शनिवार (पूर्णिमा) को श्रीमद् भागवत महापुराण के पूर्णाहुति कार्यक्रम एवं झंडा सम्मेलन के साथ होगा। इस अवसर पर प्रात: 9 बजे आसपास क्षेत्र एवं अन्य स्थानों से झंडों का आगमन होगा। वहीं प्रात: 11 बजे से पूर्णाहुति, महाप्रसादी वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने एवं भक्ति रस का पान करने की अपील की है।

## भारत सरकार लिखी स्कॉर्पियो ने धड़ाधड़ उड़ाई गुमटियां

**नशे में धुत चालक गंभीर रूप से घायल, मौके का सीसीटीवी फुटेज वायरल**



**नीमच।** नीमच सिटी रोड स्थित छावनी मुक्तिधाम के सामने बीती रात करीब 12:30 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी गुमटियों में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन गुमटियां पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। गुमटियों में रखी एक मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान को भी भारी नुकसान पहुंचा है। हादसे में स्कॉर्पियो (क्रमांक 22 बीएच 6171 सी) का चालक पवन पिता महेश जोशी (25 वर्ष), निवासी नीमच सिटी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे में शामिल स्कॉर्पियो पर भारत सरकार लिखा हुआ था और बताया जा रहा है कि यह वाहन रेलवे विभाग में अटैच है, जिससे मामले को लेकर चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। चालक ने पूछताछ में बताया कि अचानक सामने गाय आ जाने से उसे बचाने के प्रयास में वाहन का संतुलन बिगड़ गया और स्कॉर्पियो फुटपाथ पार करती हुई मुक्तिधाम गार्डन की दीवार के पास लगी गुमटियों में जा घुसी। हादसे की चपेट में आकर सड़क किनारे फुटपाथ पर लगा एक नीम का पेड़ भी टूटकर गिर गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि तीन गुमटियां पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। हादसे में गुमटियों में रखा लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। इस दुर्घटना से पीड़ित गुमटी व्यवसायी तेजपाल नाथ, संजू सेन और विष्णु माली हैं, जिनकी आजीविका को भारी नुकसान पहुंचा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि यह हादसा देर शाम 9- 10 बजे के बीच होता, तो गुमटियों और आसपास लोगों की भीड़ रहती है, ऐसे में बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है, वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

## कलेक्टर ने आमलीभाट में आठवीं के बच्चों को गणित पढ़ाया

**सवाल हल करवाकर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को परखा**



**नीमच।** जिले में प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने एवं परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कलेक्टर हिमांशु चंद्रा समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण कर कक्षाओं में विद्यार्थियों से संवाद कर, उन्हें लगन, मेहनत के साथ पढ़ाई करने और अच्छे अंक हासिल करने के लिए प्रेरित कर रहे है। इसी क्रम में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जावद तहसील के गांव आमलीभाट की माध्यमिक शाला में पहुंचे और कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को गणित के सवाल हल करवाए। कलेक्टर ने कक्षा 8वीं में विद्यार्थियों से गणित की पुस्तक लेकर ब्लेक बोर्ड पर गणित के कुछ सवाल खिले और फिर छात्रों से उनको हल करना सिखाया।

कलेक्टर ने विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाए जाने और पाठ्यक्रम पूरा नहीं करवाने पर प्रधानाध्यापक एवं उपस्थित शिक्षक के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश डीपीसी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। इस मौके पर एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी, तहसीलदार श्री नवीन गर्ग व नायब तहसीलदार श्री कमलेश डुडवे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों के लिए 12वीं कक्षा जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है : कलेक्टर

**कलेक्टर ने किया सांदीपनी विद्यालय जावद में विद्यार्थियों से संवाद**

**कलेक्टर ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने के लिए प्रेरित किया**



**नीमच।** सभी विद्यार्थियों के लिए कक्षा 12वीं जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस पड़ाव को पार कर, वे अपने केरियर में लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर होते है। अत: सभी विद्यार्थी लगन, मेहनत से पढ़ाई करें और 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने का भरसक प्रयास करें। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को सांदीपनी उ.मा.वि.जावद में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कही। कलेक्टर श्री चंद्रा ने विद्यार्थियों से बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक हासिल करने के टिप्स दिए और उन्हें आगामी परीक्षा तक प्रतिदिन तीन-तीन विषयों की नियमित रूप से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, परिणाम सुधार के लिए माडल आंसर की तैयारी करवाने, अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने और मेटर्न टीचर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा, कि उनकी प्रति स्पर्धा अपने विद्यालय एवं कक्षा के विद्यार्थियों से नहीं है, बल्कि प्रदेश एवं देश के सभी विद्यार्थियों से है। इस बात को ध्यान में रखकर पढ़ाई करें और सफलता हांसिल करें। कलेक्टर ने साथी विद्यार्थियों के साथ मिलजुल पढ़ाई करनेकी समझाईश देते हुए कहा, कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है। उन्होने जो पढ़ाई की है, सीखा है, अपने साथी विद्यार्थियों के साथ शेयर अवश्य करें।

**विज्ञान प्रदर्शनी में किया माडलो का अवलोकन**

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सांदीपनी विद्यालय जावद में कक्षा 8वीं व 6टी के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में तैयार कर प्रदर्शित किए गये ज्ञानवर्धक माडलों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों के प्रयासों से सराहना की। इस मौके पर एसडीएम सुश्री प्रीती संघवी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसएम मांगरिया, तहसीलदार श्री नवीन गर्ग तथा अन्य अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं तथा स्कूल स्टाप उपस्थित था।

**एक नजर** — तुलसी का पौधा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आयुर्वेदिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है

## रिद्धि-सिद्धि महिला मंडल ने श्रद्धा व भक्ति भाव से मनाया तुलसी दिवस

**पिपलियामण्डी। रिद्धि-सिद्धि महिला मंडल के तत्वावधान में तुलसी दिवस श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: तुलसी माता की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें महिलाओं ने मंत्रोच्चार के साथ तुलसीजी का पूजन कर नगर व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।**



इसके पश्चात सामूहिक रूप से आरती संपन्न की गई, जिसमें उपस्थित सभी महिलाओं ने भावपूर्ण सहभागिता निभाई। पूजन उपरांत भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से धार्मिक वातावरण को और अधिक पवित्र एवं आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिकता के साथ-साथ आपसी सौहार्द एवं सामाजिक एकता का भी सुंदर संदेश देखने को मिला। इस अवसर पर मंडल की संस्थापक प्रीति अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, कृष्णा गुप्ता, सुशीला अग्रवाल, समता जैन, शांति भूत, ललिता भूत, नीलम पोरवाल, चंदा गुप्ता, वंदना पाटीदार, ललिता काला, आशा घटिया, सविता सोनी, निकिता सोनी, मनीषा उदीया, आशा मुजावदिया कृष्णा गोयल, प्रतिभा राठौर सहित बड़ी संख्या में मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। मंडल की संस्थापक प्रीति अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि तुलसी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य धार्मिक परंपराओं का संरक्षण, भारतीय संस्कृति को सहेजना एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि तुलसी का पौधा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आयुर्वेदिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और प्रकृति के संरक्षण के प्रति प्रेरणा मिलती है।